महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 ईमेल-bsmirgae@gmail.com

ज्ञान शांति मैत्री

---

हिंदी विश्वविद्यालय में स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय का

प्रो. नामवर सिंह करेंगे उदघाटन

वर्धा दि. 29 दिसंबर 2011 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में स्थापित स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय का उदघाटन शुक्रवार दि. 30 दिसंबर को दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. नामवर सिंह द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर प्रो. सिंह स्वामी सहजानंद सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। समारोह की अध्यक्षता विवि के कुलपति विभूति नारायण राय करेंगे। यह कार्यक्रम समता भवन में स्थित स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय में सम्पन्न होगा। इस समारोह में उपस्थित रहने की अपील स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय के प्रभारी अधिकारी डॉ. सुरेश शर्मा ने की है।

बी एस मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी